- प्रोजेक्ट फाइल के साथ **संलग्नक 7 क** (गाइड की शिक्षा और कार्य-संबंधी ब्यौरे) भी लगाएँ। यह संलग्नक इस डाक्यूमेंट के पृष्ठ 38 पर दिया गया है।

2. स्कूल बंद रहने के दौरान किया गया प्रोजेक्ट वर्क

अगर आपके इलाके में शालापूर्व केंद्र और पूर्व - प्राथमिक कक्षाएँ बंद हैं तो आपको इस डाक्यूमेंट में दिए गए नए संशोधित निर्देशों के आधार पर प्रोजेक्ट वर्क करना है जो कि पृष्ठ ..... पर दी गई हैं। **इस स्थिति में जो आपको संलग्नक प्रोजेक्ट फाइल के साथ लगाने हैं, वे प्रोजेक्ट मैनुअल में दिए गए संलग्नकों से अलग है। आपको निम्नलिखित संलग्नक लगाने है:**

- प्रोजेक्ट मैनुअल में दिए गए संलग्नक 1क और 1ख के स्थान पर आपको इस डाक्यूमेंट के पृष्ठ 37 और 38 पर दिए गए **संलग्नक 2 क और 2 ख** लगाने हैं।
- प्रोजेक्ट फाइल के साथ **संलग्नक 7 ख** (गाइड की शिक्षा और कार्य-संबंधी ब्यौरे) भी लगाएँ। यह संलग्नक इस डॉक्यूमेंट के पृष्ठ 39 पर दिया गया है।
- प्रोजेक्ट मैनुअल में संलग्नक 2 में दी गई अंक योजना (Marking Scheme) के स्थान पर अब इस डाक्यूमेंट के पृष्ठ संख्या 41 और 42 पर **संलग्नक 8क** में ***संशोधित अंक-योजना*** दी गई है। इसे अपने गाइड को बताएँ। आपके प्रोजेक्ट वर्क को जाँचने के लिए गाइड को अब यह संशोधित संलग्नक 8क प्रयोग करना है।
- गाइड द्वारा दिए गए अंकों को रिकार्ड करने के लिए प्रोजेक्ट मैनुअल में दिए गए संलग्नक 3क के स्थान पर गाइड को इस डाक्यूमेंट के पृष्ठ सं. 43 से 48 पर दिए गए **संशोधित संलग्नक 8ख** का प्रयोग करना होगा। इसे अपने गाइड को बताएँ।

3. अत्यंत महत्त्वपूर्ण : प्रोजेक्ट वर्क के दौरान किए गए कार्य के विडियो को अपलोड करना

चाहे आप नर्सरी स्कूल में बच्चों के साथ कार्य करें या इस डाक्यूमेंट में दिए गए नए संशोधित निर्देशों के आधार पर काम करें, आपको आपके द्वारा बच्चों के साथ आयोजित की गई **सभी** क्रियाओं को अथवा आयोजित किए गए सभी मॉक सत्रों को विडियो के रूप में रिकॉर्ड करना है। यानी, कुल-मिलाकर आपको चरण 2 में 30 क्रियाएँ अथवा मॉक सत्र और चरण 3 में 15-20 क्रियाएँ अथवा मॉक सत्र विडियो के रूप में रिकार्ड करनी हैं। आपको प्रत्येक क्रिया का कम से कम 5 मिनट का विडियो बनाना है। आप किसी अन्य वयस्क को विडियो रिकॉर्ड करने के लिए कहें। कुल मिलाकर आपको 45–50 विडियो बनाने हैं।

- विडियो बनाने से पहले बच्चों के माता-पिता से स्कूल की मुख्याध्यापिका/मुख्याध्यापक से बच्चों के

साथ की गई क्रियाओं की विडियो बनाने की अनुमति लें।

- इस विडियो में आपका चेहरा बच्चों के साथ क्रियाएँ करते हुए अथवा मॉक सत्र आयोजित करते हुए साफ दिखाई देना चाहिए।
- विडियो में रिकॉर्ड की गई प्रत्येक क्रिया वहीं होनी चाहिए जो प्रोजेक्ट फाइल में लिखी है। आपका चेहरा स्पष्ट दिखाई देना चाहिए और विडियो का अधिकतम फोकस आप पर होना चाहिए – आप क्या कर रहे हैं और कह रहे हैं। बच्चों के चेहरों पर विडियो को फोकस न करें– उनके केवल साइड का चेहरा या उनकी पीठ का फोटो लें। यह बच्चों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए आवश्यक है।
- आपको संलग्नक 1ख/2ख में प्रमाणित भी करना होगा कि आपने अनुमति प्राप्त करने के बाद ही वीडियो बनाए हैं।
- **आपको यह 45-50 विडियो यू-ट्यूब पर भी अपलोड करने हैं और अपलोड किए गए विडियो का लिंक प्रोजेक्ट फाइल को जमा कराने वाले ई-पोर्टल पर भी लिखना है ताकि इग्नू के विशेषज्ञ आपकी प्रोजेक्ट फाइल का मूल्यांकन करते हुए आपके विडियो देख सकें। इग्नू विशेषज्ञ प्रोजेक्ट फाइल के लिए जो अंक आपको देंगे, वह इन विडियो पर आधारित होंगे।**
- हो सकता है आपको यू-ट्यूब पर विडियो अपलोड करना न आता हो । इसके संबध में भी कई विडियो यू-ट्यूब पर उपलब्ध है, जिन्हें देखकर आप यह सीख सकतें हैं ।
- आपका प्रोजेक्ट वर्क जब इग्नू द्वारा चैक हो जाये और आप प्रोजेक्ट वर्क में उत्तीर्ण हो जाँए, तो आप यह विडियो यू-ट्यूब से हटा सकते है।

4. **मूल्यांकन मानक**

मूल्यांकन की योजना में परिवर्तन हुआ है। गाइड द्वारा आपके यह प्रोजेक्ट फाइल का मूल्यांकन अब निर्धारित कुल अंकों का 30% होगा। इग्नू के विशेषज्ञ पैनल द्वारा प्रोजेक्ट फाइल का मूल्यांकन प्रोजेक्ट वर्क के लिए निर्धारित कुल अंकों का 70% होगा।

महत्त्वपूर्ण : कृपया नोट करें : कई शालापूर्व विद्यालय बच्चों की शिक्षा ज़ारी रखने के लिए ऑनलाइन तरीकों का प्रयोग कर रहे हैं। परंतु इग्नू प्रोजेक्ट वर्क के लिए शालापूर्व बच्चों के साथ ऑनलाइन कक्षा लेना स्वीकार *नहीं किया* जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि DECE कार्यक्रम में आपको छोटे बच्चों के साथ ऑनलाइन माध्यम से कार्य करने की विधि से परिचित नहीं कराया गया है।

बाज़ार से प्रोजेक्ट वर्क न खरीदें। न ही वेबसाइड से कॉपी करें, और न ही किसी अन्य विद्यार्थी की प्रोजेक्ट फाइल की नकल करें। ऐसे मामलों में बिना मूल्यांकन के प्रोजेक्ट फाइल आपको लौटा दी जाएगी।

केवल आपके स्वयं द्वारा किया गया मौलिक प्रोजेक्ट वर्क का ही मूल्यांकन किया जाएगा।

(ONLY ORIGINAL WORK WILL BE EVALUATED)

प्रोजेक्ट वर्क संबंधी महत्त्वपूर्ण मूलभूत जानकारी

प्रोजेक्ट वर्क DECE कार्यक्रम का चौथा पाठ्यक्रम है और इसका पाठ्यक्रम कोड DECE-4 है। पहले तीन पाठ्यक्रमों (DECE-1,2,3) में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के साथ दी गई प्रयोगात्मक कार्यों की नियमावली में दिए गए कुछ अभ्यासों को करना है, जो कि उस पाठ्यक्रम के सत्रीय कार्य का हिस्सा है। *याद रखें कि प्रयोगात्मक अभ्यास और परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट वर्क) दोनों भिन्न हैं।* प्रोजेक्ट वर्क के लिए आपको 'गाइड' की देखरेख (supervision) में 3–6 आयु वर्ग के बच्चे/बच्चों के साथ खेल आधारित क्रियाएँ आयोजित करनी हैं।

क) सबसे पहले पाठ्यक्रम-1 *'बाल देखभाल सेवाओं का संगठन'* (DECE-1) को अच्छी तरह पूरा पढ़ें। इससे आपको बच्चों के विकास और खेल आधारित पाठ्यचर्या की योजना द्वारा बच्चों के विकास को कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है– यह समझने में मदद करेगा। इसी के बाद आप इस प्रोजेक्ट वर्क को कर पाने के लिए पूरी तरह तैयार होंगे।

ख) अगला कदम है प्रोजेक्ट मैनुअल पूरी तरह से पढ़ना। प्रोजेक्ट मैनुअल का कोड है DECE-4 और इसका शीर्षक है *''परियोजना कार्य : बाल देखभाल केंद्र में छोटे बच्चों के साथ काम करना''।* इस मैनुअल में विस्तार में वर्णन किया गया है कि प्रोजेक्ट वर्क के 30 दिनों में आपको शालापूर्व बच्चों के साथ क्रियाएँ कैसे आयोजित करनी हैं।

ग) तीसरा कदम इन नए मार्गदर्शी निर्देशों को पढ़ना है। ये मार्गदर्शी निर्देश प्रोजेक्ट मैनुअल में दी गई जानकारी पर आधारित हैं। इस डाक्यूमेंट में दिए गए मार्गदर्शी निदशों को आप *केवल और केवल* प्रोजेक्ट मैनुअल को पढ़ने के बाद ही समझ पाएँगे अतः, कार्य प्रारंभ करने से पहले मैनुअल को अव''य पढ़ लें। इस डाक्यूमेंट में बताए गए संशोधित निर्देश यह बताते है कि स्कूल बंद होने कि स्थिति में प्रोजेक्ट वर्क किस प्रकार करना है और इसमें वह संशोधित संलग्नक भी हैं जो आपको नर्सरी स्कूल में किये गये प्रोजेक्ट वर्क के संदर्भ में लगाने हैं ।

घ) चौथा कदम है प्रोजेक्ट वर्क के लिए गाइड की पहचान करना। आप जब भी परियोजना कार्य प्रारंभ करें, उसके पहले गाइड की पहचान करना अनिवार्य है। आपको प्रतिदिन अपने गाइड के साथ बातचीत और अंतःक्रिया करनी होगी। नए मार्गदर्शी निर्देशों के अनुसार आप जो भी प्रोजेक्ट वर्क का कार्य कर रहे हैं, उसे अपने गाइड को अवश्य दिखाएँ और उनसे अपने कार्य का मूल्यांकन कराएँ।

ङ) प्रोजेक्ट वर्क संबंधी किसी भी स्पष्टीकरण के लिए अपने अध्ययन केंद्र के परामर्शदाता (Counsellor) से संपर्क करें ताकि आप उचित ढंग से अपना कार्य पूरा कर सकें। आपको क्षेत्रीय केंद्र द्वारा DECE-1 और प्रोजेक्ट वर्क के लिए आयोजित परामर्श सत्र (counselling sessions) में ज़रूर भाग लें।

गाइड कौन हो सकता है?

नर्सरी स्कूल में बच्चों के साथ प्रोजेक्ट वर्क करने के लिए गाइड के चुनाव के लिए मानदंड अलग हैं और महामारी के कारण शालापूर्व केंद्र/पूर्व-प्राथमिक कक्षाएँ बंद होने की स्थिति में प्रोजेक्ट वर्क करने के लिए गाइड के चुनाव के लिए मानदंड अलग हैं।

I. नर्सरी स्कूल में प्रोजेक्ट वर्क करने के लिए गाइड के चुनाव के लिए मानदंड

बच्चों के साथ शालापूर्व केंद्र में प्रोजेक्ट वर्क करने हेतु, उस गाइड का चुनाव करें जो वर्तमान में बच्चों के साथ शालापूर्व कक्षा में काम कर रही/रहा हो। **गाइड के पास निम्नलिखित उचित शैक्षिक योग्यता और कार्य अनुभव दोनों ही होना आवश्यक है।**

क) **शैक्षिक योग्यताएँ** : जिस शालापूर्व अध्यापक/अध्यापिका के पास निम्नलिखित शैक्षिक योग्यताएँ हैं, वह प्रोजेक्ट वर्क के लिए गाइड हो सकता/सकती है।

- 'गृह विज्ञान' क्षेत्र के अंतर्गत 'बाल विकास'/'मानव विकास' विषय में MA/MSc. डिग्री
- नर्सरी टीचर ट्रेनिंग में डिप्लोमा/शालापूर्व शिक्षा में डिप्लोमा
- 'गृह विज्ञान' क्षेत्र के किसी भी अन्य विषय में MA/MSc. डिग्री <u>या</u> गृह-विज्ञान में BA/BSc. डिग्री और जिसने शालापूर्व शिक्षा के क्षेत्र में एक या एक से अधिक सेमिनार/वर्कशॉप/प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया हो <u>या</u> जिसे शालापूर्व उम्र के बच्चों को पढ़ाने का अनुभव हो।
- एलीमेंट्री एडूकेशन में डिप्लोमा/एलीमेंट्री टीचर ट्रेनिंग में डिप्लोमा/जूनियर बेसिक ट्रेनिंग/बेसिक टीचर कोर्स।
- बी.एड् डिग्री **तथा** जिसने शालापूर्व शिक्षा के क्षेत्र में एक या एक से अधिक सेमिनार/वर्कशॉप/प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया हो।
- किसी भी विषय में BA/BSc. डिग्री **तथा** जिसने शालापूर्व शिक्षा के क्षेत्र में कुल-मिलाकर कम-से-कम तीन महीने के एक या एक से अधिक सेमिनार/वर्कशॉप/प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया हो।

ख) **व्यावसायिक अनुभवः**

गाइड वह व्यक्ति ही बन सकती/सकता है जो वर्तमान में कार्यरत हों और जिनके पास शालापूर्व उम्र के बच्चों के साथ कार्य करने का कम से कम छह मास का अनुभव हो। जितना ज्यादा बच्चों के साथ अनुभव गाइड को होगा, उतना बेहतर वह आपका मार्गदर्शन कर सकेगी/सकेगा।

II. शालापूर्व केंद्र/पूर्व-प्राथमिक कक्षाएँ बंद होने की स्थिति में गाइड के चुनाव के लिए मानदंड

निम्नलिखित में से कोई भी व्यावसायिक/अध्यापक/अध्यापिका गाइड हो सकता है। वह वर्तमान में किसी पद पर कार्यरत हो भी सकती(ता) है और नहीं भी या सेवानिवृत्त (retired) भी हो सकती/ता है।

- 'गृह विज्ञान' क्षेत्र के अंतर्गत बाल विकास/मानव विकास विषय में MA/MSc. डिग्री
- नर्सरी टीचर ट्रेनिंग में डिप्लोमा/शालापूर्व शिक्षा में डिप्लोमा

- 'गृह विज्ञान' क्षेत्र के किसी भी अन्य विषय में MA/MSc. डिग्री या गृह-विज्ञान में BA/BSc. डिग्री **और** जिसने शालापूर्व शिक्षा के क्षेत्र में एक या एक से अधिक सेमिनार/वर्कशॉप/प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया हो या जिसे शालापूर्व उम्र के बच्चों को पढ़ाने का अनुभव हो।
- एलीमेंट्री एडूकेशन में डिप्लोमा/एलीमेंट्री टीचर ट्रेनिंग में डिप्लोमा/जूनियर बेसिक ट्रेनिंग/बेसिक टीचर कोर्स
- बी.एड् **तथा** जिसने शालापूर्व शिक्षा के क्षेत्र में एक या एक से अधिक सेमिनार/वर्कशॉप/प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया हो या जिसे शालापूर्व उम्र के बच्चों को पढ़ाने का अनुभव हो।
- किसी भी विषय में BA/BSc. डिग्री **तथा** जिसने शालापूर्व शिक्षा के क्षेत्र में कुल-मिलाकर कम-से-कम तीन महीने के एक या एक से अधिक सेमिनार/वर्कशॉप/प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया हो **तथा** शालापूर्व उम्र के बच्चों को पढ़ाने का कम से कम एक वर्ष का अनुभव हो।

संलग्नक

इस डॉक्यूमेंट के पहले तीन पृष्ठ पर बताए अनुसार उचित संलग्नक अपनी प्रोजेक्ट फाइल के साथ लगाना आवश्यक है। यदि प्रोजेक्ट फाइल में उचित संलग्नक नहीं लगे होंगे तो फाइल बिना मूल्यांकन किए हुए आपको वापस कर दी जाएगी।

कोविड-19 महामारी के दौरान गाइड द्वारा प्रोजेक्ट वर्क का पर्यवेक्षण और मूल्यांकन

- गाइड के साथ प्रोजेक्ट मैनुअल तथा इन नए संशोधित निर्देशों को साझा करें ताकि वह समझ सकें कि परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट वर्क) में आपको क्या कार्य करना है। आप गाइड को ई-ज्ञानकोश का लिंक भी दे सकते हैं जिससे वह कम्प्यूटर में प्रोजेक्ट मैनुअल को देख सकें।
- गाइड को सभी संलग्नक और अंक-योजना के बारे में बताएं। जैसा कि पृष्ठ 1 और 2 में बताया गया है कि बच्चों के साथ नर्सरी स्कूल में किए गए प्रोजेक्ट वर्क के लिए संलग्नक तथा अंक योजना (Marking scheme) भिन्न हैं और स्कूल बंद होने के दौरान इस डॉक्यूमेंट में बताई गई नई संशोधित गाइडलाइंस (निर्देश) के अनुसार किए गए प्रोजेक्ट वर्क के संलग्नक और अंक योजना अलग है।
- चाहे आप नर्सरी स्कूल में बच्चों के साथ प्रोजेक्ट वर्क कर रहे हों या स्कूल बंद होने की स्थिति में इन नए संशोधित निर्देशों के आधार पर प्रोजेक्ट वर्क कर रहे हों, आपको सारा प्रोजेक्ट वर्क अपने गाइड को **नियमित रूप** से दिखाना होगा, तथा उस पर हस्ताक्षर करवाने होंगे और गाइड को उसके लिए अंक देने होंगे।
- सोशल डिस्टेंसिंग (सामाजिक दूरी) बनाए रखकर अपने गाइड से मिलें या उससे अंतःक्रिया करें और टेलीफोन/मोबाइल/ई-मेल व्हाट्सऐप के माध्यम से उसे अपना कार्य और वीडियो भेजें और अपने कार्य का मूल्यांकन करवाएँ।
- स्कूल बद होने कि स्थिति में आपको चरण 2 और चरण 3 में आप द्वारा बच्चों के साथ की गई क्रियाओं अथवा मॉक सत्रों के विडियो अपने गाइड को दिखाने हैं क्योकि गाइड वास्तव में आपको क्रियाएँ करते हुए नहीं देख पाएगी/पाएँगें। आपके विडियो देखने के बाद ही वह आपको अंक दे पाएँगी। जब आप नर्सरी स्कूल में बच्चो के साथ प्रोजेक्ट वर्क करते हैं तब आपको गाइड को विडियो दिखाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि गाइड आपको वास्तव में बच्चों के साथ कार्य करते हुए देख रही हैं। परन्तु विडियो आपको इस स्थिति में भी बनाने है क्योकि आपको यू–ट्यूब पर इग्नू विशेषज्ञ के लिए विडियो अपलोड करने हैं।

- प्रोजेक्ट फाइल के मूल्यांकन मानकों में संशोधन हुआ है। आपके गाइड द्वारा प्रोजेक्ट वर्क के लिए दिए गए अंक, कुल अंक का 30% होंगे और इग्नू विशेषज्ञ पैनल द्वारा दिए गए अंक, कुल अंक का 70% होगा।

शालापूर्व केंद्र/पूर्व प्राथमिक कक्षाएँ बंद होने के स्थिति में प्रोजेक्ट वर्क के लिए नए संशोधित निर्देश

चरण 1 के लिए कार्य

प्रोजेक्ट मैनुअल के अनुसार, आपको चरण 1 में गाइड को बच्चों के साथ अंतःक्रिया करते और उनके साथ खेल आधारित क्रियाएँ आयोजित करते हुए अवलोकन करना होता है। अभी स्कूल बंद होने के कारण आप यह अवलोकन नहीं कर सकते हैं। अतः इसकी जगह आपको निम्नलिखित करना है :

आपको दो वीडियो देखने हैं, जिनमें दिखाया गया है कि एक केंद्र में बच्चों के साथ शालापूर्व शिक्षा संबंधी खेल क्रियाएँ कैसे आयोजित कराई गईं। फिर आपको वीडियो के आधार पर अवलोकन, विश्लेषण और निष्कर्ष की रिपोर्ट लिखनी है। लिखने का तरीका ठीक उसी तरह होना चाहिए जैसे प्रोजेक्ट मैनुअल में चरण 1 के लिए बताया गया है।

जो वीडियो आपको देखने हैं उनके लिंक आगे दिए हैं।

आपको दो वीडियो चुनने हैं – एक समूह *'क'* से और एक समूह *'ख'* से। दोनों वीडियो एक ही समूह से *न* चुनें।

समूह क

वेदांता शालापूर्व वीडियो– 21 मिनट **https://www.youtube.com/watch?v=iq0O6ud2ZH8**

आंगनवाड़ी केंद्र में एक दिन – 17 मिनटः **https://youtu.be/sT7mL3eBxkc**

समूह ख

ICDS वीडियो– 5 मिनट : **https://www.youtube.com/watch?v=XO17YHpIEBA**

DPS वीडियो– 5 मिनट : **https://www.youtube.com/watch?v=mX-0LhRHnBU**

चरण 2 और 3 के लिए कार्य

प्रोजेक्ट मैनुअल के अनुसार, चरण 2 और 3 में आपको नर्सरी स्कूल में बच्चों के साथ शालापूर्व शिक्षा-संबंधी खेल-आधारित क्रियाएँ आयोजित करनी होती है। पर अभी स्कूल बंद है तो ऐसा करना संभव नहीं है। अतः अब प्रोजेक्ट वर्क के चरण 2 और 3 को करने के लिए आपको निम्नलिखित करना है।

क) प्रोजेक्ट मैनुअल में बताए गए फारमेट के अनुसार चरण 2 के क्रिया सत्रों के लिए क्रिया-योजना लिखें (अंग्रेज़ी मैनुअल के पृष्ठ 33, भाग 7.1; हिंदी मैनुअल के पृष्ठ 34, भाग 7.1); चरण 3 में एक सप्ताह के लिए पाठ्यचर्या तैयार करें और इस पाठ्यचर्या में आपने जितनी क्रियाएँ सुझाई हैं, उनकी क्रिया-योजना लिखें। क्रिया-योजना इस प्रकार लिखें मानो आपको स्कूल में बच्चों के समूह के साथ क्रिया आयोजित करनी है।

ख) प्रत्येक क्रिया आयोजित करने के लिए जो सामग्री आवश्यक है, वह तैयार करें।

ग) गाइड को चरण 2 और 3 की क्रिया-योजनाएँ और आपके द्वारा बनाई गई सामग्री दिखाएँ और उनसे फीडबैक लें। गाइड का ओ.के. मिलें बिना कोई क्रिया आयोजित नहीं की जा सकती।

घ) अपने परिवार या पड़ोस में 3–6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चे/बच्चों का पता लगाएँ। सोशल दूरी बनाकर और

बच्चे की सुविधा कि अनुसार, बच्चे/बच्चों के साथ प्रत्येक क्रिया आयोजित करें। इस तरह, क्रिया-योजना तो ऐसी लिखी जाएगी कि मानो स्कूल में बच्चों के समूह के साथ क्रिया आयोजित करनी है, लेकिन क्रिया परिवार में या पड़ोस के एक/दो/तीन बच्चों के साथ ही आयोजित करनी होगी।

ङ) जब आप बच्चे/बच्चों के साथ क्रिया आयोजित कर रहे हों तो किसी अन्य वयस्क से **प्रत्येक** क्रिया का 5 मिनट का वीडियो रिकार्ड करने के लिए कहें, सामाजिक दूरी बनाए रखकर। **प्रत्येक** क्रिया की वीडियो आपको अपने गाइड को दिखानी होगी। प्रत्येक क्रिया का वीडियो कम से कम 5 मिनट का होना चाहिए। ऐसा करना ज़रूरी है क्योंकि जब गाइड देखेगा/गी कि आपने क्रिया किस प्रकार आयोजित की है, तो उसी के आधार पर वह आपको क्रिया के लिए अंक दे पाएगा/गी। यदि आप ज्यादा अवधि की वीडियो बनाना चाहते हैं तो आप ऐसी भी कर सकते *हैं/* ***बच्चे के साथ वीडियो को रिकार्ड करने के लिए बच्चे के परिवार की सहमति अवश्य*** लें। वीडियो में बच्चे के चेहरे पर फोकस न करें बल्कि फोकस इस बात पर होना चाहिए कि आप क्रिया किस प्रकार कर रहे हैं। बच्चे के चेहरे के बजाए उसकी पीठ दिखाएँ अर्थात् back view का प्रयोग करें। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि बच्चे की पहचान इस वीडियो में न दर्शायी जाए; उसकी पहचान को गोपनीय रखा जाए। संलग्नक 1ख (यदि नर्सरी स्कूल में प्रोजेक्ट वर्क किया है) और 2ख (यदि नए संशोधित निर्देशों के आधार पर प्रोजेक्ट वर्क किया है) में आपको यह सत्यापित तथा प्रमाणित करना होगा कि इन वीडियो का प्रयोग आप गाइड को दिखाने के अलावा किसी भी अन्य प्रयोजन (कार्य) के लिए नहीं करेंगे।

ज) बच्चे/बच्चों के साथ आयोजित प्रत्येक क्रिया की रिपोर्ट प्रोजेक्ट मैनुअल में बताए गए तरीके से ही लिखें।

झ) आपके परिवार में या आस-पड़ोस में यदि 3–6 वर्ष का कोई बच्चा नहीं है तो ऊपर वर्णित चरण (क) से (ग) को पूरा करें और घर पर ही प्रत्येक क्रिया के लिए मॉक सत्र (mock session) आयोजित करें, मानो कि बच्चों का समूह आपके सामने बैठा है। किसी अन्य व्यक्ति को सामाजिक दूरी रखकर प्रत्येक मॉक सत्र का कम से कम 5 मिनट का वीडियो रिकार्ड करने को कहें, क्योंकि आपको ये वीडियो अपने गाइड को दिखाने होंगे। ऐसा करना ज़रूरी है क्योंकि आपने मॉक सत्र के दौरान क्रिया कैसे आयोजित की है, यह देखकर ही गाइड आपको क्रिया के लिए अंक प्रदान कर पाएँगे। आपको यह सभी विडियो यू-ट्यूब पर अपलोड करने हैं और उस लिंक को प्रोजेक्ट फाइल के पोर्टल पर निर्देशित स्थान पर लिखना है। हो सकता है आप यह न जानते हों कि यू-ट्यूब पर विडियो कैसे अपलोड करना है। इसके संबंध में भी कई विडियो यू-ट्यूब पर उपलब्ध हैं जिन्हें देख कर आप यह सीख सकते हैं।

ञ) यदि आप मॉक सत्र आयोजित करते हैं, तो इन सत्रों की रिपोर्ट नहीं होगी क्योंकि सत्र में बच्चे नहीं थे। अतः रिपोर्ट लिखने की बजाए आप यू-ट्यूब या किसी अन्य माध्यम से 5 अलग-अलग ऐसा क्रिया सत्रों के वीडियो का पता लगाएँ, जिनमें प्रारंभिक बाल्यावस्था कार्यकर्ता या पूर्व-प्राथमिक अध्यापक/अध्यापिका छोटे बच्चों के साथ शिक्षण क्रियाएँ कर रहे हों। ऐसी पाँच अलग-अलग क्रिया सत्रों का वीडियो देखकर आप प्रत्येक क्रिया सत्र की विश्लेषणात्मक रिपोर्ट लिखें। प्रत्येक क्रिया-सत्र की रिपोर्ट कम से कम 800 शब्दों की होनी चाहिए और इसमें निम्नलिखित शामिल होने चाहिए :

- क्रिया का विवरण
- क्रिया का लक्ष्य (के लक्ष्य)
- बच्चों की संख्या और लगभग आयु
- क्रिया के प्रति बच्चों की अनुक्रिया
- बच्चों के लिए क्रिया की उपयुक्तता और आपके विचार के कारण
- क्रिया योजना और/या क्रिया के आयोजन के संदर्भ में क्रिया में सुधार के लिए सुझाव

ये पाँचों क्रिया सत्र एक वीडियो में या अलग-अलग वीडियो में हो सकते हैं। **विश्लेशणात्मक रिपोर्ट लिखते समय वीडियो का URL लिखें** क्योंकि आपकी रिपोर्ट को समझने के लिए गाइड और इग्नू के मूल्यांकनकर्ता को वीडियो को देखना होगा। **यदि आप URL नहीं देते तो आपकी रिपोर्ट का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और आपको 200 अंक नहीं मिलेंगे।** ध्यान रहे कि चरण 3 के लिए आप जो वीडियो चुनें, वे हमारे द्वारा चरण 1 में दिए गए वीडियो के लिंकों से **भिन्न** होने चाहिए।

परियोजना कार्य की अवधि

जैसा कि प्रोजेक्ट मैनुअल में बताया गया है, प्रोजेक्ट वर्क 30 दिनों का है।

चरण 1 : 5 दिन–दो वीडियो देखें और उनकी विश्लेषणात्मक रिपोर्ट लिखें

चरण 2 : 20 दिन – पहले 10 दिनों के लिए प्रतिदिन एक क्रिया और अगले दस दिनों के लिए प्रतिदिन दो क्रियाएँ – इस तरह कुल 20 क्रियाएँ।

चरण 3 : 5 दिन – (क) पाठ्यचर्या की योजना बनाना; (ख) पाँच दिनों के लिए प्रतिदिन 3 से 4 क्रियाएँ आयोजित करना; इस तरह कम से कम कुल 15 और अधिक से अधिक 20 क्रियाएँ।

चरण 2 और चरण 3 की सभी क्रिया-योजनाएँ एक साथ न लिखें। कुछ योजनाएँ लिखें, उन्हें अपने गाइड को दिखाएँ, क्रियाएँ आयोजित करें और उनकी रिपोर्ट लिखें और फिर अगली क्रिया योजनाएँ लिखें। **बच्चों के साथ प्रतिदिन अपेक्षित संख्या में ही क्रियाएँ आयोजित करें।** चरण 2 में पहले 10 दिनों में प्रतिदिन बच्चे के साथ एक क्रिया करें और अगले 10 दिन प्रतिदिन 2 क्रियाएँ। चरण 3 में चूँकि आप प्रतिदिन 3–4 क्रियाओं की योजना बनाएंगे, अतः 5 दिनों तक प्रतिदिन आपको बच्चे के साथ 3–4 क्रियाएँ आयोजित करनी होंगी। क्रियाओं के दौरान बच्चे को खाने-पीने, शौचादि के लिए पर्याप्त समय दें। कहने का तात्पर्य है कि चरण 2 और चरण 3 के दौरान क्रियाओं को उसी संख्या में आयोजित करें जैसे कि आप करते यदि आप स्कूल में कार्य कर रहे होते। चूँकि अब घर पर क्रिया करनी है इसलिए जल्दी-जल्दी ज्यादा क्रियाएँ करने का प्रयास न करें। आपने परियोजना कार्य कितनी गंभीरता और ईमानदारी से किया है यह आपकी क्रिया-योजनाओं और रिपोर्टों में झलक जाएगा और इसी पर निर्भर होगा कि आपको कितने अंक प्राप्त होंगे।

प्रोजेक्ट फाइल को जमा कराना

1) **दिसंबर 2021 की सत्रांत परीक्षा के परियोजना फाइल जमा कराने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2021 है। यह तिथि आगे बढ़ सकती है, इसलिए कृपया इग्नू की वेबसाइड को देखते रहें।**

2) इग्नू द्वारा DECE को पूरा करने के लिए तीन वर्ष दिए जाते हैं। यदि आप प्रोजेक्ट वर्क को अभी पूरा नहीं कर सकते तो आप तीन वर्ष के भीतर कभी भी प्रोजेक्ट वर्क कर सकते हैं। यदि कुछ समय बाद स्कूल खुलते हैं, तब आप 30 कार्य-दिवसों तक स्कूल में प्रोजेक्ट वर्क कर सकते हैं, जैसे प्रोजेक्ट मैनुअल में लिखा है।

3) आप प्रोजेक्ट फाइल की हार्ड कॉपी या सॉफ्ट कॉपी जमा करा सकते हैं। यदि आप हार्ड कॉपी भेजते हैं तो उसे इस पते पर भेजें : सहायक कुलसचिव (परियोजना), विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, ब्लॉक 3, कमरा-19, इग्नू, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068। यदि आप सॉफ्ट कॉपी भेजते हैं तो उसे इग्नू की आधिकारिक वेबसाइड पर पोर्टल पर अपलोड करना होगा। आप इनमें से कोई भी एक तरीका चुन सकते हैं। हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी दोनों न जमा कराएँ, इनमें से कोई एक ही जमा कराएँ। **सॉफ्ट कॉपी अपलोड करना बेहतर रहेगा क्योंकि इससे मूल्यांकन प्रक्रिया अपेक्षाकृत जल्दी होगी।**

संशोधित संलग्नक 1A (नर्सरी स्कूल में दिए गए प्रोजेक्ट वर्क के लिए; प्रोजेक्ट मैनुअल में दिए गए संलग्नक 1क की बजाए इसको भरें)

मौलिक व विधिवत् पूर्ण (Original and duly completed) प्रोजेक्ट वर्क के लिए प्रमाण-पत्र

A. नर्सरी स्कूल की मुख्याध्यापिका/मुख्याअध्यापक/प्रभारी द्वारा प्रमाणित

मैं प्रमाणित करती/करता हूँ कि श्री/श्रीमती/सुश्री ..... (नामांकन संख्या ....) ने नियत अवधि के लिए ..... दिन (कुल अवधि)..... .....(गाइड का नाम)के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में .....स्कूल में (नर्सरी स्कूल का पूरा नाम व पता) ..... से (परियोजना कार्य शुरू करने की तिथि) ..... तक (परियोजना कार्य पूर्ण होने की तिथि) परियोजना कार्य किया है। गाइड द्वारा बताए गए निम्नलिखित ब्यौरे सही हैं।

दिनांक :
स्थान :

नर्सरी स्कूल/शालापूर्व केंद्र की मुख्याध्यपक/मुख्याध्यापिका /प्रभारी के हस्ताक्षर व नाम .....

स्कूल की स्टैम्प.....

B. गाइड द्वारा प्रमाणित, जो नर्सरी स्कूल में विद्यार्थी के कार्य का मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण कर रही हैं

मैं प्रमाणित करती/करता हूँ कि सुश्री/श्रीमती/श्री ....., नामांकन संख्या .... ने मेरे मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में परियोजना कार्य के दौरान निम्नलिखित कार्य पूरे किए।

विद्यार्थी ने :

1. चरण 1 में मेरे द्वारा बच्चों के साथ किए गए पाँच दिनों के कार्य का अवलोकन और विश्लेषण किया;
2. चरण 2 में 30 क्रियाओं की योजना बनाकर उन्हें आयोजित किया जिनका मैंने अवलोकन और मूल्यांकन किया;
3. चरण 3 में पाँच दिनों के लिए पाठ्यचर्या की योजना बनाई और चरण 3 में न्यूनतम 15 और अधिकतम 20 क्रिया सत्र आयोजित किए, जिनका मैंने अवलोकन और मूल्यांकन किया;
4. चरण 2 में 30 क्रिया-सत्रों और चरण 3 में न्यूनतम 15 और अधिकतम 20 क्रिया-सत्रों की रिपोर्टें लिखीं;
5. विद्यार्थी ने चरण 2 और 3 में बच्चे के साथ आयोजित प्रत्येक सत्र की वीडियो रिकॉर्ड करी;
6. विद्यार्थी ने मुझे सूचित किया कि वीडियो रिकॉर्ड करने की अनुमति बच्चों के परिवारों/नर्सरी स्कूल की मुख्याध्यापिका/मुख्याध्यापक से ले ली थी और वह किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए वीडियो का इस्तेमाल नहीं करेगी/करेगा
7. पूरे कार्य के अनुमोदन व मूल्यांकन के लिए विद्यार्थी पूरा कार्य नियमित रूप से मुझे दिखाती रही/रहा।

मैं प्रमाणित करती/करता हूँ विद्यार्थी का काम उसका अपना मौलिक कार्य है और मेरे पर्यवेक्षण में किया गया है। मैंने प्रोजेक्ट वर्क का मूल्यांकन किया है और संलग्नक 3क में विद्यार्थी को अंक दिए हैं। विद्यार्थी का काम किसी भी स्रोत, इंटरनेट या अन्य विद्यार्थी की नकल नहीं है। मैं जानती(ता) हूँ कि इग्नू टेलीफोन या ई-मेल के माध्यम से विद्यार्थी के प्रोजेक्ट वर्क की मौलिकता या प्रमाणिकता की मेरे से पुष्टि कर सकता है।

दिनांक :
स्थान :

गाइड का हस्ताक्षर व नाम .....गाइड का फोन नम्बर व ई-मेल आईडी .....

नर्सरी स्कूल/शालापूर्व केंद्र की मुख्याध्यपक/मुख्याध्यापिका /प्रभारी के हस्ताक्षर व नाम .....

स्कूल की स्टैम्प.....

संशोधित संलग्नक 1B (नर्सरी स्कूल में प्रोजेक्ट मैनुअल के अनुसार किए गए प्रोजेक्ट वर्क के लिए; प्रोजेक्ट मैनुअल में दिए गए संलग्नक 1ख की बजाए इसको भरें)

विद्यार्थी द्वारा मौलिक और विधिवत् पूर्ण (Original and duly completed) प्रोजेक्ट वर्क का प्रमाण-पत्र

मैं प्रमाणित करती/करता हूँ कि मैंने ..... (अपना नाम), नामांकन संख्या ..... सुश्री/श्रीमती/श्री ..... (गाइड का नाम) के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में ..... स्कूल में (नर्सरी स्कूल का नाम व पता) नियत अवधि ..... में (कुल दिन) ..... (परियोजना कार्य शुरू करने की तिथि) से ..... (परियोजना कार्य पूर्ण होने की तिथि) में पूरा किया है।

मैंने प्रोजेक्ट वर्क के लिए निम्नलिखित कार्य पूरे किए–

1. पहले चरण में मैंने गाइड द्वारा बच्चों के साथ किए गए 5 दिनों का विश्लेषण किया है।
2. दूसरे चरण में मैंने 30 क्रिया सत्रों की योजना बनाकर उन्हें आयोजित किया।
3. तीसरे चरण में मैंने पाँच दिनों के लिए पाठ्यचर्या की योजना बनायी और न्यूनतम 15 और अधिकतम 20 क्रिया सत्रों की योजना बनाकर उन्हें आयोजित किया।
4. मैंने बच्चों के साथ चरण 2 में आयोजित किए गए 30 क्रिया-सत्रों की रिपोर्टें लिखीं और चरण 3 में बच्चों के साथ आयोजित न्यूनतम 15 और अधिकतम 20 क्रिया सत्रों की रिपोर्ट लिखीं।
5. अपने परियोजना कार्य के अनुमोदन और मूल्यांकन के लिए मैंने नियमित रूप से गाइड को अपना पूरा काम दिखाया है।
6. मैंने चरण 2 और 3 में मेरे द्वारा आयोजित प्रत्येक क्रिया सत्र की 5 मिनटों की रिकॉर्डिंग करी है। बच्चों के परिवारों से/स्कूल की मुख्याध्यापिका/मुख्याध्यापक से मैंने वीडियो रिकॉर्ड करने की अनुमति प्राप्त की। इन वीडियो को मैं किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए इस्तेमाल नहीं करूँगी/करूँगा।

7क. मैंने विडियो रिकार्डिंग को यू-ट्यूब पर अपलोड किया है और प्रोजेक्ट फाइल को जमा कराने के पोर्टल पर इसका लिंक भी दिया है।

अथवा

7ख. मैंने प्रोजेक्ट फाइल पोर्टल पर अपलोक नहीं करी है। मैंने प्रोजेक्ट फाइल की हार्ड कॉपी सब्मिट करी है। यू-ट्यूब का लिंक जहाँ मैंने विडियो अपलोड किए हैं, वह प्रोजेक्ट फाइल के पहले पृष्ठ पर लिखा है *(7क और 7ख में से जो विकल्प आपके लिए मान्य हो उस पर निशान लगाएं)*।

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ मेरा यह प्रोजेक्ट वर्क मौलिक है जिसे मैंने स्वयं बनाया है। मैंने प्रोजेक्ट वर्क किसी अन्य स्रोत, इंटरनेट या किसी विद्यार्थी के काम की नकल करके नहीं बनाया है। संलग्नक 3क में दिए गए प्रोजेक्ट वर्क के अंक मेरे गाइड ने ही दिए हैं। मैं समझता/समझती हूँ कि यदि मेरे कार्य को किसी की नकल पाया गया तो विश्वविद्यालय द्वारा मेरे साथ समुचित कार्यवाही की जाएगी।

तिथि : **विद्यार्थी का नाम .....**

स्थान : **विद्यार्थी के हस्ताक्षर .....**

<u>संशोधित संलग्नक 2A</u> (स्कूल बंद होने के दौरान नई संशोधित गाइडलाइन्स के अनुसार दिए गए प्रोजेक्ट वर्क के लिए; <u>प्रोजेक्ट मैनुअल में दिए गए संलग्नक 1A की बजाए इसको भरें</u>)

<u>गाइड द्वारा मौलिक व विधिवत् पूर्ण (Original and duly completed) प्रोजेक्ट वर्क के लिए प्रमाण-पत्र</u>

मैं प्रमाणित करती/करता हूँ कि श्री/श्रीमती/सुश्री ..... (नामांकन संख्या .....) ने स्कूल बंद रहने के दौरान नए संशोधित निर्देशों के अनुसार .... दिवस के लिए (कुल दिन) ..... तिथि (प्रोजेक्ट वर्क शुरू होने की तिथि) से ..... तिथि तक (प्रोजेक्ट वर्क पूर्ण होने की तिथि) .....प्रोजेक्ट वर्क किया है।

चरण 2 और 3 का कार्य

परिवार के बच्चे के साथ किया गया/पड़ोस के बच्चे (बच्चों) के साथ किया गया/मॉक सत्र आयोजित किए गए

(विद्यार्थी के लिए जो लागू होता है उस पर निशान लगाएँ)।

प्रोजेक्ट वर्क के दौरान विद्यार्थी द्वारा निम्नलिखित कार्य पूरे किए गए।

विद्यार्थी ने :

1. चरण 1 में दो वीडियो का विश्लेषण किया;
2. चरण 2 में 30 क्रियाओं की योजना बनाकर उन्हें आयोजित किया;
3. चरण 3 में पाँच दिनों के लिए पाठ्यचर्या की योजना बनाई और चरण 3 में न्यूनतम 15 और अधिकतम 20 क्रिया सत्र आयोजित किए;

4(क). चरण 2 में 30 क्रिया-सत्रों और चरण 3 में न्यूनतम 15 और अधिकतम 20 क्रिया-सत्रों की रिपोर्टें लिखीं, चूँकि उसने बच्चे के साथ क्रिया सत्र आयोजित किए थे।

अथवा

4(ख). चरण 2 और 3 में मॉक सत्र आयोजित किए, अतः रिपोर्टें नहीं लिखी जा सकीं; इसलिए विद्यार्थी ने यू-ट्यूब से लिए गए पाँच वीडियो का विश्लेषण किया। ये वीडियो चरण 1 के विश्लेषित वीडियो से भिन्न थे *(4क और 4ख में से जो विकल्प विद्यार्थी पर लागू नहीं होता उसे काट (×) दें)*।

5. विद्यार्थी ने चरण 2 और 3 में बच्चे के साथ आयोजित प्रत्येक सत्र/मॉक सत्र की 5 मिनट की वीडियो मुझे रिकॉर्डिंग दिखाई गयी।
6. विद्यार्थी ने मुझे सूचित किया कि बच्चे की वीडियो रिकॉर्ड करने की अनुमति उसने बच्चे के परिवार से ले ली थी और वह किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए वीडियो का इस्तेमाल नहीं करेगी/करेगा)।
7. पूरे कार्य के अनुमोदन व मूल्यांकन के लिए विद्यार्थी पूरा कार्य नियमित रूप से मुझे दिखाती रही/रहा।

मैं प्रमाणित करती/करता हूँ विद्यार्थी का काम उसका अपना मौलिक कार्य है और मेरे पर्यवेक्षण में किया गया है। यह किसी भी स्रोत, इंटरनेट या अन्य विद्यार्थी की नकल नहीं है। मैं जानती(ता) हूँ कि इग्नू टेलीफोन या ई-मेल के माध्यम से विद्यार्थी के प्रोजेक्ट वर्क की मौलिकता या प्रमाणिकता की मेरे से पुष्टि कर सकता है।

तिथि :

स्थान :

गाइड का नाम व हस्ताक्षर .....

गाइड का फोन न. और ई-मेल आईडी .....

गाइड : वर्तमान में कार्यरत/सेवानिवृत्त (*जो लागू है उस पर निशान लगाएँ*)

यदि गाइड वर्तमान में कार्यरत हैं तो विद्यालय के मुख्याध्यपक/मुख्याध्यापिका/प्रभारी/नियोक्ता के हस्ताक्षर व नाम (यदि संभव हो तो)

विद्यालय/नियोक्ता की स्टैम्प (यदि संभव हो तो)

संशोधित संलग्नक 2B (स्कूल बंद होने के दौरान नई संशोधित गाइडलाइन्स के अनुसार किए गए प्रोजेक्ट वर्क के लिए; प्रोजेक्ट मैनुअल में दिए गए संलग्नक 1क की बजाए इसको भरें)

विद्यार्थी द्वारा मौलिक व विधिवत् पूर्ण (Original and duly completed) प्रोजेक्ट वर्क के लिए प्रमाण-पत्र

मैं प्रमाणित करता हूँ कि मैंने ..... (अपना नाम), (नामांकन संख्या .....) सुश्री/श्रीमती/श्री..... (गाइड का नाम) के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में, नियत अवधि .....(कुल दिन) में..... (प्रोजेक्ट वर्क शुरू करने की तिथि) से ..... (प्रोजेक्ट वर्क पूर्ण होने की तिथि तक) में पूरा किया है। मेरे क्षेत्र में महामारी के कारण स्कूल बंद हैं। मैंने चरण 2 और 3 का कार्य परिवार के बच्चे/पड़ोस के बच्चे (बच्चों) के साथ किया गया/मॉक सत्र आयोजित किए गए *(आपके लिए जो लागू होता है उस पर निशान √ लगाएँ)।*

स्कूल बंद रहने के दौरान मैंने प्रोजेक्ट वर्क को नए संशोधित निर्देशों के अनुसार किया है। मैंने प्रोजेक्ट वर्क के लिए निम्नलिखित कार्य पूरे किए –

1. पहले चरण में मैंने दो विडियो का विश्लेषण किया है।
2. दूसरे चरण में मैंने 30 क्रिया सत्रों की योजना बनाकर उन्हें आयोजित किया।
3. तीसरे चरण में मैंने पाँच दिनों के लिए पाठ्यचर्या की योजना बनायी और न्यूनतम 15 और अधिकतम 20 क्रिया सत्रों की योजना बनाकर उन्हें आयोजित किया।

4(क). चरण 2 में मैंने बच्चों के साथ आयोजित किए गए 30 क्रिया-सत्रों की रिपोर्टें लिखीं और चरण 3 में बच्चों के साथ आयोजित न्यूनतम 15 और अधिकतम 20 क्रिया सत्रों की रिपोर्ट लिखीं।

अथवा

4(ख). चरण 2 और 3 में मैंने मॉक सत्र आयोजित किए, अतः रिपोर्टें नहीं लिखी। इसके स्थान पर मैंने यू-ट्यूब से ली गई पाँच वीडियोज़ का विश्लेषण किया। ये वीडियोज़ पहले चरण 1 के वीडियो से भिन्न थीं *(जो विकल्प आपके लिए लागू नहीं होता उसे काट (×) दें)*।

5. मैंने चरण 2 और 3 में मेरे द्वारा बच्चों के साथ आयोजित प्रत्येक क्रिया सत्र अथवा मॉक सत्र की 5 मिनटों की रिकॉर्डिंग करी। मैंने वीडियो रिकॉर्ड करने से पहले बच्चे के परिवार से अनुमति प्राप्त की। इन वीडियो को मैं किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए इस्तेमाल नहीं करूँगी/करूँगा।
6. चरण 2 और 3 के प्रत्येक क्रिया की रिकार्डिंग मैंने अपने गाइड को दिखाई। अपने परियोजना कार्य के अनुमोदन और मूल्यांकन के लिए मैं नियमित रूप से गाइड से संपर्क में रहा/रही।

7 क. मैंने विडियो रिकार्डिंग को यू-ट्यूब पर अपलोड किया है और प्रोजेक्ट फाइल को जमा कराने के पोर्टल पर निर्धारित स्थान पर इसका लिंक भी दिया है।

अथवा

7 ख. मैंने प्रोजेक्ट फाइल पोर्टल पर अपलोड नहीं करी है। मैंने प्रोजेक्ट फाइल की हार्ड कॉपी सब्मिट करी है। यू-ट्यूब का लिंक जिस पर मैंने विडियो अपलोड किए हैं, वह प्रोजेक्ट फाइल के पहले पृष्ठ पर लिखा है *(7क और 7ख में से जो विकल्प आपके लिए मान्य हो उस पर निशान लगाएं)*।

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ मेरा यह प्रोजेक्ट वर्क मौलिक है जिसे मैंने स्वयं बनाया है। मैंने प्रोजेक्ट वर्क किसी अन्य स्रोत, इंटरनेट या किसी विद्यार्थी के काम की नकल करके नहीं बनाया है। मैं समझता/समझती हूँ कि यदि मेरे कार्य को किसी की नकल पाया गया तो विश्वविद्यालय द्वारा मेरे साथ समुचित कार्यवाही की जाएगी।

तिथि : **विद्यार्थी का नाम** .....

स्थान : **विद्यार्थी के हस्ताक्षर** .....

संलग्नक 7क (नर्सरी स्कूल में किए गए प्रोजेक्ट वर्क के लिए)

गाइड की शैक्षिक योग्यताएँ और व्यावसायिक अनुभव से संबंधित ब्यौरे

पृष्ठ 30 और 31 पर दिए गए मानदंडों को ध्यान में रखते हुए गाइड की शैक्षिक योग्यताएँ और व्यावसायिक अनुभव से संबंधित निम्नलिखित ब्यौरे गाइड द्वारा भरें जाएंगे। गाइड इसे प्रमाणित (certify) करें और फिर नर्सरी स्कूल की मुख्याध्यापिका/मुख्याध्यापक/प्रभारी/अध्ययन केंद्र के कोओरडिनेटर द्वारा भी सत्यापित (verify) कराएं।

विद्याथी यह फारमेट गाइड को दिखाएँ और प्रोजेक्ट फाइल में भरे गए इस संलग्नक को लगाएँ।

गाइड का नाम .....

गाइड की शैक्षिक योग्यताएँ .....

इस संलग्नक के साथ शैक्षणिक योग्यताओं के फोटो कॉपी लगाएँ

शालापूर्व बच्चों को पढ़ाने का अनुभव (वर्शों की संख्या), ...

(*गाइड वर्तमान में नर्सरी स्कूल में कार्यरत होनी चाहिए और उसके पास शालापूर्व उम्र के बच्चों को पढ़ाने का कम से कम छहः महीने का अनुभव होना चाहिए । गाइड के अनुभव पत्र की फोटोकॉपी लगाएँ, यदि संभव हो तो*)

भालापूर्व शिक्षा संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने की अवधि, यदि भाग लिया है तो .....

(*प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के प्रमाण पत्र, संलग्न करे, यदि संभव हों तो)*

यह प्रमाणित किया जाता है कि मेरे द्वारा दी गई सारी जानकारी सही है।

तिथि :

स्थान :

नर्सरी स्कूल में कार्यरत गाइड का नाम व हस्ताक्षर .....

गाइड का फोन नं. तथा ई-मेल .....

अध्ययन केंद्र के को-ऑरडिनेटर/नर्सरी स्कूल के मुख्याध्यापक (मुख्याध्यापिका)/प्रभारी के हस्ताक्षर व नाम .....

अध्ययन केंद्र के कोऑरडिनेटर/नर्सरी स्कूल की मुख्याध्यापिक या मुख्याध्यापक या प्रभारी की स्टैम्प .....

संलग्नक 7ख (स्कूल बंद होने के दौरान नई संशोधित गाइडलाइन्स के अनुसार किया गया प्रोजेक्ट वर्क)

गाइड की शैक्षिक योग्यताएँ और व्यावसायिक अनुभव से संबंधित ब्यौरे

पृष्ठ 30 और 31 पर दिए गए मानदंडों को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित ब्यौरे गाइड द्वारा भरें जाएंगे। गाइड इन्हें प्रमाणित करें (certify) और यदि संभव हो तो नर्सरी स्कूल की मुख्याध्यापिका/ मुख्याध्यापक/प्रभारी/नियोक्ता द्वारा सत्यापित (verify) कराएं।

गाइड का नाम .....

शैक्षणिक योग्यताएँ .....

(*इस संलग्नक के साथ शैक्षिक योग्यताओं की फोटोकॉपी लगाएँ*)

शालापूर्व बच्चों को पढ़ाने का अनुभव (वर्शों की संख्या), यदि बच्चों के साथ कार्य किया है तो .....

शालापूर्व [illegible]क्षा संबंधी प्र[illegible]क्षण कार्यक्रमों में भाग लेने की अवधि, यदि भाग लिया है तो .....

वर्तमान में सेवानिवृत्त/सेवारत *(जो भी लागू होता है, उस पर निशान (√) लगाएँ)*

यदि वर्तमान में सेवारत, तो संस्था का नाम जहाँ सेवारत हैं तथा पद .....

यह प्रमाणित किया जाता है कि मेरे द्वारा दी गई सारी जानकारी सही है।

तिथि :

स्थान :

गाइड का नाम व हस्ताक्षर .....

फोन नं. तथा ई-मेल .....

नर्सरी स्कूल के मुख्याध्यापक (मुख्याध्यापिका)/
प्रभारी/नियोक्ता के हस्ताक्षर व नाम (यदि संभव हो तो)

विद्यालय/नियोक्ता की स्टैम्प (यदि संभव हो तो)

संशोधित संलग्नक–8क

स्कूल बंद रहने के दौरान किए गए प्रोजेक्ट वर्क के लिए संशोधित अंक-योजना

प्रोजेक्ट वर्क के लिए संशोधित अंक-योजना (Marking Scheme) निम्नानुसार है :

क) चरण 1

वीडियो की रिपोर्ट	गाइड द्वारा दिए गए अंक
समूह क वीडियो की रिपोर्ट 1	40 अंक
समूह ख वीडियो की रिपोर्ट 2	10 अंक
	50 अंक (कुल)

ख) चरण 2

यदि आपने परिवार या पड़ोस के किसी बच्चे/बच्चों के साथ क्रिया सत्र आयोजित किए हैं, तो अंकों के लिए तालिका 1 का अनुसरण करें।

तालिका 1

कार्य	अंक	कुल अंक
30 क्रिया सत्रों की योजना	30×10 अंक प्रति क्रिया	300 अंक
बच्चे के साथ 30 क्रियाएँ आयोजित करना (आपको गाइड को रिकार्ड की गई वीडियो दिखानी होगी)	30×10 अंक प्रति क्रिया	300 अंक
इन 30 क्रिया सत्रों की रिपोर्टें	30×10 अंक प्रति क्रिया	300 अंक
		900 अंक (कुल)

यदि आपने मॉक सत्र (mock sessions) आयोजित किए हैं, तो अंक के लिए तालिका 2 का अनुसरण करें।

तालिका 2

कार्य	अंक	कुल अंक
30 क्रिया सत्रों की योजना	30×10 अंक प्रति क्रिया	300 अंक
30 मॉक सत्र आयोजित करना (आपने जो वीडियो रिकार्ड किए हैं, उन्हें गाइड को दिखाना होगा।)	30×10 अंक प्रति क्रिया	300 अंक
रिपोर्टें– कोई भी नहीं (चूँकि क्रियाएँ बच्चों के साथ आयोजित नहीं की गई थीं अतः रिपोर्ट नहीं लिखी जा सकती)।		
		600 अंक (कुल)

ग) चरण 3

यदि आपने क्रिया सत्र परिवार के या पड़ोस के किसी बच्चे के साथ आयोजित किए हैं, तो अंकों निम्नलिखित तालिका को देखें।

तालिका 3

कार्य	अंक	कुल अंक
पाँच दिन की पाठ्यचर्या	5×10 अंक प्रति दिन	50 अंक
कम से कम 15 और अधिक से अधिक 20 क्रिया सत्र (प्रतिदिन किए जाने वाले क्रिया सत्रों की संख्या 3 से 4 हो सकती है)।	15×10 – 20×10 अंक प्रति क्रिया	150-200 अंक
बच्चे के साथ न्यूनतम 15 अधिकतम 20 क्रिया सत्र आयोजित करना (आपको रिकार्ड की गई वीडियो गाइड को दिखानी होंगी)	15×10 – 20×10 अंक प्रति क्रिया	150-200 अंक
न्यूनतम 15 – अधिकतम 20 क्रिया सत्रों की रिपोर्टें	15×10 – 20×10 अंक प्रति क्रिया	150-200 अंक
		500-650 अंक (कुल)

यदि आपने मॉक सत्र आयोजित किए हैं, तो अंक-योजना के लिए तालिका-4 देखें।

तालिका 4

कार्य	अंक	कुल अंक
पाँच दिन की पाठ्यचर्या	5×10 अंक प्रति दिन	50 अंक
न्यूनतम 15 – अधिकतम 20 क्रिया सत्रों की योजना बनाना	15×10 – 20×10 अंक प्रति क्रिया	150-200 अंक
न्यूनतम 15 और अधिक से अधिक 20 मॉक सत्रों को आयोजित करना (आपको रिकार्ड की गई वीडियो गाइड को दिखानी होंगी)।	15×10 – 20×10 अंक प्रति क्रिया	150-200 अंक
यू-ट्यूब वीडियो देखने के बाद 5 क्रिया-सत्रों की रिपोर्टें	5×40 अंक प्रति रिपोर्ट	200 अंक
		550-650 कुल अंक

लॉकडान के दौरान किए गए परियोजना कार्य के लिए कुल अंक

1) यदि आपने क्रिया सत्र परिवार या पड़ोस के किसी बच्चे के साथ आयोजित किए हैं, तो 1450–1600 अंक

2) यदि आपने मॉक सत्र आयोजित किए हैं, तो 1200–1300 अंक

नोट : यदि आप बच्चे के साथ क्रिया सत्र आयोजित करते हैं तो मॉक सत्र की तुलना में अंक ज्यादा हो सकते हैं। लेकिन अंत में प्राप्त अंकों को प्रतिशत में परिवर्तित कर दिया जाता है, इसलिए इस बात से अंकों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता कि आपने बच्चे के साथ काम किया है या मॉक सत्र किए हैं। अपनी-अपनी स्थिति के अनुरूप निर्णय लें कि आप बच्चे के साथ काम करेंगे या मॉक सत्र आयोजित करेंगे।

संशोधित संलग्नक 8ख

प्रोजेक्ट फाइल का मूल्यांकन करने हेतु गाइड के लिए मूल्यांकन शीट

कोविड-19 महामारी के कारण स्कूल बंद होने के दौरान नए मार्गदर्शी निर्देशों पर आधारित

विद्यार्थी का नाम .....

नामांकन संख्या .....

परियोजना की तिथियाँ (अवधि) .....

क) प्रथम चरण में विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंक

वीडियो की रिपोर्टें	**अधिकतम अंक**	**विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंक**
समूह 'क' के वीडियो की रिपोर्ट 1	40 अंक	
समूह 'ख' के वीडियो की रिपोर्ट 2	10 अंक	
कुल अंक	50 अंक (कुल)	

ख) दूसरे चरण में विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंक

नोट : यदि विद्यार्थी द्वारा मॉक सत्र आयोजित किए गए हैं, तो उसकी रिपोर्टें नहीं होंगी, अतः 'क्रिया सत्र की रिपोर्ट' के लिए अंक न दें।

क्रिया-सत्र	**क्रिया योजना** **अधिकतम अंक** 10 अंक	**क्रिया/क्रियाएँ आयोजित करना** **अधिकतम अंक** 10 अंक	**क्रिया-सत्र की रिपोर्ट** **अधिकतम अंक** 10 अंक	**कुल अंक** **अधिकतम अंकः** प्रत्येक क्रिया के लिए 30 में से अंक (यदि सत्र बच्चे के साथ आयोजित किए गए हैं) **अधिकतम अंक** :प्रत्येक क्रिया के लिए 20 में से अंक (यदि मॉक सत्र आयोजित किए गए है)
1.				
2.				
3.				
4.				
5.				
6.				
7.				
8.				
9.				

10.				
11.				
12.				
13.				
14.				
15.				
16.				
17.				
18.				
19.				
20.				
21.				
22.				
23.				
24.				
25.				
26.				
27.				
28.				
29.				
30.				
कुल अंक				यदि सत्र बच्चे के साथ आयोजित किए गए हैं तो 900 अंकों में से यदि मॉक सत्र आयोजित किए गए हैं तो 600 अंकों में से

ग) <u>विद्यार्थी द्वारा तीसरे चरण में प्राप्त अंक</u>

i) पाँच दिनों के लिए पाठ्यचर्या

दिन	प्राप्त अंक (अधिकतम) : 10 अंक प्रतिदिन की योजना के लिए
1.	
2.	
3.	
4.	
5.	
कुल अंक	

ii) क्रिया सत्र

नोट : यदि विद्यार्थी द्वारा मॉक सत्र आयोजित किए गए हैं, तो उसकी रिपोर्टें नहीं होंगी, अतः 'क्रिया सत्र की रिपोर्ट' के लिए अंक न दें।

क्रिया-सत्र	क्रिया योजना अधिकतम अंक 10 अंक	क्रिया/क्रियाएँ आयोजित करना अधिकतम अंक 10 अंक	क्रिया-सत्र की रिपोर्ट अधिकतम अंक 10 अंक	कुल अंक **अधिकतम अंक** : प्रत्येक क्रिया के लिए 30 में से अंक (यदि सत्र बच्चे के साथ आयोजित किए गए हैं) **अधिकतम अंक** : प्रत्येक क्रिया के लिए 20 में से अंक (यदि मॉक सत्र आयोजित किए गए है)
पहला दिन				
1.				
2.				
3.				
4.				
दूसरा दिन				
1.				
2.				
3.				
4.				

तीसरा दिन				
1.				
2.				
3.				
4.				
चौथा दिन				
1.				
2.				
3.				
4.				
पाँचवां दिन				
1.				
2.				
3.				
4.				
कुल अंक				यदि बच्चे के साथ 15–20 सत्र आयोजित किए गए है तो 450–600 अंक यदि मॉक सत्र आयोजित किए गए है तो 300–400 अंक

iii) **यू-ट्यूब वीडियोज़ के विशलेशण के लिए : यदि विद्यार्थी ने मॉक सत्र आयोजित किए हैं तो विद्यार्थी को यू-ट्यूब वीडियोज़ का प्रयोग करके 5 क्रिया-सत्रों का विशलेशण लिखना होगा। रिपोर्टों के लिए अंक प्रदान करने के लिए निम्नलिखित तालिका का प्रयोग करें।**

यू-ट्यूब वीडियोज़ देखने के बाद 5 क्रिया सत्रों की रिपोर्टें	**यू-ट्यूब वीडियोज़ के URL लिंक**	**अधिकतम अंक**	**प्राप्त अंक**
क्रिया-सत्र 1 की **रिपोर्ट**		**40**	
क्रिया-सत्र 2 की **रिपोर्ट**		**40**	
क्रिया-सत्र 3 की **रिपोर्ट**		**40**	
क्रिया-सत्र 4 की **रिपोर्ट**		**40**	
क्रिया-सत्र 5 की **रिपोर्ट**		**40**	
		200 अंक	

यदि बच्चे के साथ काम किया है तो तृतीय चरण में कुल अंक = i + ii .....

यदि मॉक सत्र किए गए तो तीसरे चरण में कुल अंक = i + ii + iii .....

प्रोजेक्ट वर्क के लिए विद्यार्थी द्वारा प्राप्त कुल अंक = x/y.

जहाँ x पहले + दूसरे + तीसरे चरण में विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंक हैं

और y पहले + दूसरे + तीसरे चरण में प्राप्त अधिकतम अंक हैं

जैसा कि आप जानते हैं परियोजना कार्य के 30% अंक गाइड द्वारा प्रोजेक्ट फाइल के मूल्यांकन के हैं।

अतः, 70% अंक का भारिता (weightage) = x/y × 30 = _____

इग्नू मूल्यांकनकर्ता को परियोजना कार्य के लिए गाइड द्वारा दिए गए अंकों को कम करने या बढ़ाने का पूरा अधिकार है। यानि, ग्रेड कार्ड में इग्नू मूल्यांकनकर्ता द्वारा बताए गए अंक ही दर्शाए जाएंगे।

गाइड से अनुरोध है कि प्रोजेक्ट वर्क के दौरान विद्यार्थी के कार्य के बारे में अपनी राय 200–400 शब्दों में व्यक्त करें। आवश्यकता पड़ने पर आप अतिरिक्त शीट का प्रयोग कर सकते हैं।

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

दिनांक :

स्थान :

गाइड के हस्ताक्षर व नाम

नर्सरी स्कूल के मुख्याध्यापक/प्रभारी/नियोक्ता के हस्ताक्षर व नाम (यदि संभव हो)

विद्यालय/नियोक्ता की स्टैम्प (यदि संभव हो तो)

भाग ख

जनवरी 2020 और जुलाई 2020 सत्र के लिए सत्रीय कार्य

सत्रीय कार्य इग्नू वेबसाइड पर उपलब्ध है। इन सत्रीय कार्यों को वेबसाइड से डाउनलोड करें और उन्हें अच्छी तरह से पढ़ें।

भाग 'क' सिद्धांत आधारित सत्रीय कार्य है, इसमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया। भाग 'ख' और 'ग' तीनों पाठ्यक्रमों– DECE-1, 2, 3 के साथ दी गई प्रयोगात्मक कार्यों की नियमावली पर आधारित है। DECE के सत्रीय कार्यों 1, 2, 3 के भाग 'ख' और 'ग' में निम्नलिखित बदलाव किए गए हैं क्योंकि कई संस्थान बंद हैं और सामाजिक दूरी बनाए रखना ज़रूरी है। ऐसी स्थिति में सत्रीय कार्य पूरा करने में आपकी मदद के लिए ये बदलाव किए गए हैं।

निम्नलिखित भाग में दी गई जानकारी के पढ़ते समय प्रयोगात्मक कार्यों की नियमावलियाँ और सत्रीय कार्यों को आपको अपने पास रखना होगा ताकि आप निम्नलिखित बदलाव समझ सकें।

DECE का सत्रीय कार्य 1

भाग ख : जैसा कि आप जानते हैं कि आपको अभ्यास 4, 6 तथा 7 में से कोई एक प्रयोगात्मक अभ्यास करना है।

- यदि आप सामाजिक दूरी बनाए रखकर इनमें से कोई एक अभ्यास कर सकते हैं तो वह अभ्यास करें।
- वर्तमान स्थितियों में यदि अभ्यास 4, 6 या 7 में से काई भी अभ्यास करना संभव नहीं है तो अभ्यास 1, 3 या 10 में से कोई एक अभ्यास को चुन सकते हैं। सामाजिक दूरी रखते हुए या टेलीफोन पर अभ्यास 1 या 3 किए जा सकते हैं, जबकि अभ्यास 10 योजनाबद्ध अभ्यास है और घर बैठे ही किया जा सकता है।

भाग ग : जैसा कि आप जानते हैं कि आपको अभ्यास 5, 8 या 9 में से कोई एक अभ्यास करना है।

- यदि आप सामाजिक दूरी बनाए रखकर अभ्यास 5 या 8 कर सकते है तो वह अभ्यास कर लें।
- अन्यथा, आप अभ्यास 9 को चुन सकते हैं जो योजनाबद्ध अभ्यास है और घर बैठे किया जा सकता है।

DECE का सत्रीय कार्य 2

भाग ख : जैसा कि आप जानते हैं कि आपको अभ्यास 2 और 3 में से कोई एक अभ्यास करना है।

- दोनों योजनाबद्ध अभ्यास हैं और घर बैठे किए जा सकते हैं।

भाग ग : जैसा कि आप जानते हैं कि आपको अभ्यास 5, 6 या 7 में से कोई एक अभ्यास करना है। अभ्यास 6 और 7 के लिए क्षेत्र में कार्य करना अपेक्षित है और यदि आप सामाजिक दूरी बनाए रखकर या टेलीफोन द्वारा इन्हें कर सकते हैं तो आप इनमें से कोई एक अभ्यास करें।

वर्तमान हालात में यदि उपर्युक्त कोई भी अभ्यास करना संभव नहीं है तो आप अभ्यास 1, 4 या 5 में से कोई एक अभ्यास चुन सकते हैं, जो घर बैठे किए जा सकते हैं।

DECE का सत्रीय कार्य 3

भाग ख : जैसा कि आप जानते हैं कि अभ्यास 1, 2, 9 या 10 में से आपको कोई एक प्रयोगात्मक अभ्यास करता है।

- अभ्यास 1, 2 या 10 के लिए, आप किसी भी संगठन में व्यक्तिगत रूप से जाने की बजाए, इंटरनेट द्वारा संगठन के बारे में का पता लगा सकते हैं। उस संगठन की वेबसाइट पर दी गई सूचना का प्रयोग करें और प्रयोगात्मक कार्य को पूरा करने के लिए, जहाँ कहीं ज़रूरत हो/संभव हो, संगठन के स्टाफ के साथ टेलीफोन पर उनकी इंटरव्यू लें।
- यदि सामाजिक दूरी को बनाए रखकर आप अभ्यास 9 को कर सकते हैं, आप इस विकल्प को भी चुन सकते हैं।

भाग ग : जैसा कि आप जानते है अभ्यास 6, 7 या 8 में से आपको कोई एक प्रयोगात्मक अभ्यास करना है।

- अभ्यास 6 या 8 योजना संबंधी अभ्यास हैं और घर बैठे किए जा सकते हैं।
- यदि सामाजिक दूरी को बनाए रखकर आप अभ्यास 7 को कर सकते हैं, आप इस विकल्प को भी चुन सकते हैं।

शुभकामनाओं सहित
कार्यक्रम संयोजक